


**खाद्य सुरक्षा विभाग ने जारी किया नोटिस, दोषियों के खिलाफ की जाएगी कार्रवाई**

# टॉप 'एन टाउन और हैवमोर आइसक्रीम निकली अमानक

**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा,11 मार्च. प्रदेश में चलाए जा रहे मिलावट से मुक्ति अभियान के तहत खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा लगातार खाद्य पदार्थों की जांच की जा रही है। इसी क्रम में शहर की दो आइक्रीम दुकानों से नमूने लिए गए। गए आइसक्रीम के नमूनों की जांच रिपोर्ट में टॉप एंड टाउन और हैवमोर ब्रांड की कुछ आइसक्रीम अमानक पाई गई हैं।**




गर्मी के मौसम में आइसक्रीम और कोल्ड ड्रिंक की खपत काफी बढ़ जाती है। खासकर बच्चों द्वारा आइसक्रीम का अधिक उपयोग किया जाता है। ऐसे में आम लोगों को शुद्ध और बिना मिलावट के खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा शहर के छोटे-बड़े सभी आइसक्रीम विक्रेताओं से नमूने लेकर जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे गए थे। खाद्य सुरक्षा अधिकारी गोपेश मिश्रा द्वारा शहर में बिक रहे विभिन्न ब्रांडों के साथ टॉप एंड टाउन ब्रांड के मुख्य वितरक जान्हवी फूड्स, सिवनी रोड तथा हैवमोर ब्रांड के मुख्य वितरक सरकार डिस्ट्रीब्यूटर्स से विभिन्न फ्लेवर की आइसक्रीम के नमूने लिए गए थे।

जो जांच के दौरान अमानक पाए गए है। इस प्रावधान के तहत वितरणकर्ता और निर्माता विभाग में उपलब्ध नमूने के दूसरे हिस्से को केंद्रीय खाद्य प्रयोगशाला भेजकर पुन: जांच कराने का अधिकार रखते हैं। खाद्य सुरक्षा विभाग ने बताया कि नोटिस अवधि पूरी होने के बाद जांच रिपोर्ट के आधार पर दोषियों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई करते हुए न्यायालय में चालान प्रस्तुत किया जाएगा।

### यह आइक्रीम निकली अमानक

राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला से प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार टॉप एंड टाउन ब्रांड की तीन फ्लेवर आइसक्रीमकृ( 1 ) मेंगो, ( 2 ) बटर स्कॉच और ( 3 ) वनीला तथा हैवमोर ब्रांड की अल्फोंसो मेंगो फ्लेवर आइसक्रीम अमानक पाई गई है। रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद खाद्य सुरक्षा विभाग छिंदवाड़ा द्वारा दोनों वितरणकर्ताओं और निर्माणकर्ता कंपनियों को खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 की धारा 46( 4 ) के तहत नोटिस जारी किया गया है।

### इसके पहले भी निकल चुकी अमानक

टॉप एंड टाउन आइसक्री एजेंसी का यह पहला मामला नहीं है। इसके पूर्व में भी इस एजेंसी में आइसक्रीम अमानक निकल चुकी है। उस दौरान भी फूड विभाग ने ढील देकर छोड़ दिया था। जिसका परिणाम आज फिर देखने को मिल रहा है। ऐसे में इन अमानक आइसक्रीम खाने से बच्चे बीमार होते है, या कोई बड़ा हादसा हो जाता है, तो इसका जिम्मेदार कौन रहेगा।

### और सामग्री बिक रही अमानक

शहर के अधिकांश फास्ट फूड की दुकानों में अमानक साम्रगी धड़ल्ले से बेची जा रही है। यदि इन दुकानों में जांच की जाए तो कई खाद्य सामग्रियां अनामक निकलने की संभावना हो सकती है। इनमें किराना दुकानों में बिक रहे नमकीन, मसाला, तेल, बेसन, बिस्किट शामिल है। वही फास्ट फूड की दुकानों में जांच की जाए तो मसाले दो-दो तीन-तीन दिनों तक उपयोग किए जा रहे है।

# मंडी में मक्के की आवक 20 हजार पार

## मंडी में नीलामी में लगाई 1837 रूपए उच्चतम बोली



**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा,11 मार्च. कुसमैली स्थित कृषि उपज मंडी में मक्के की आवक कम होने की बजाए बढ़त बनाए हुए है। बुधवार को भी मक्के की 20 हजार 803 क्विंटल आवक रही है। 507 किसान मक्के की उपज बेचने मंडी पहुंचे। नीलामी के दौरान मक्के की उच्चतम बोली 1837 रूपए प्रति क्विंटल बोली गई।**

वही नीचे में मक्के की बोली 1250 रूपए प्रति क्विंटल बोली गई। यदि देखा जाए तो यह पिछले एक सप्ताह में किसानों को अच्छे भाव मिले है। हालांकि न्यूनतम दामों ने किसानों को निराश कर दिया है। वही मक्के के बाद गेहूं की सबसे अधिक आवक रही। 3225 क्विंटल के साथ अधिकतम भाव 2699 और न्यूनतम भाव 2250 रूपए प्रति क्विंटल रहे। इसक के साथ ही सोयाबीन, चना, मटर, सरसों और तुअर की आवक कोई खास कमाल नहीं दिखा पाई। बता दें गेहूं की फसल की कटाई की शुरूआत हो गई है।

एक हफ्ते बाद गाहनी शुरू हो जाएगी। ऐसे में मक्के की फसल की आवक अभी भी 20 हजार के पास पहुंच रही है। हालांकि छोटे किसानों ने अपनी रूकी हुई फसलें निकालना शुरू कर दी है।

### बड़े किसानों के पास बचा स्टॉक

बड़े किसानों के पास मक्के का स्टॉक अभी भी रखा हुआ है। उन्हें उम्मीद है कि ऑफ सीजन में मक्के के दाम अच्छे मिलेंगे। बता दें कि अभी भी खलियानों में मक्का टूटने के बाद जैसा का वैसा ही रखा हुआ है। हालांकि छोटे किसान अब मक्के को ज्यादा दिनों तक नहीं रख पा रहे है। इसलिए मंडी में मक्के की आवक बनी हुई है।

## गर्भवती महिला की इलाज के दौरान मौत

**छिंदवाड़ा।** दमुआ थाना क्षेत्र के डुगरिया मरदागढ़ गांव की रहने वाली गर्भवती महिला की इलाज के दौरान संदिग्ध अवस्था में मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है। जानकारी अनुसार कलावती पति सुमर शाह उइके उम्र 29 साल मरदागढ़ गांव की रहने वाली है। गर्भवती अवस्था के दौरान तबियत बिगड़ने के कारण परिजनों ने उसे दमुआ अस्पताल में भर्ती कराया था। इलाज के दौरान उसकी हालत गंभीर हो गई। जहां डाक्टरों ने उसे गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल में इलाज के दौरान गर्भवती महिला ने दम तोड़ दिया। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# फव्वारा चौक के आसपास के क्षेत्र से हटाया अतिक्रमण




**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा,11 मार्च.नगर निगम आयुक्त सी. पी. राय के आदेशानुसार शहर में अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की गई। इस दौरान फव्वारा चौक के आसपास से अतिक्रमण हटाकर पार्किंग के लिए स्थान खाली कराया गया तथा संबंधित लोगों को दोबारा उक्त स्थल पर हाथ ठेले न लगाने की समझाइश दी गई।**

कार्यवाही के दौरान टाउन हॉल एवं पोस्ट ऑफिस के पास फल-फ्रूट विक्रेताओं के हाथ ठेलों को दीवार से लगाकर व्यवस्थित कराया गया। इसके साथ ही नागपुर रोड एकता के पास से भी अतिक्रमण हटाकर क्षेत्र को अतिक्रमण मुक्त किया गया। नगर निगम द्वारा शहर में यातायात व्यवस्था सुचारू रखने और स्वच्छता बनाए रखने के उद्देश्य से यह अभियान लगातार जारी है।

# टाइल्स लगाने को लेकर एक समुदाय के लोगों युवक की मारपीट

## शिकायत पर पुलिस ने 4 आरोपियों पर किया मामला दर्ज



**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा,11 मार्च. शहर के राजपाल चौक स्थित कुम्हारी मोहल्ला में मजार के आसपास टाइल्स लगवाने के काम को लेकर विवाद हो गया। विवाद के दौरान श्याम प्रजापति के साथ मारपीट की गई। मामले में कोतवाली पुलिस ने चार लोगों के खि**लाफ प्रकरण दर्ज किया है।

कोतवाली थाना प्रभारी आशीष कुमार ने बताया कि मंगलवार देर रात हुए विवाद के बाद शिकायत के आधार पर मामला दर्ज किया गया। बताया जा रहा है कि क्षेत्र में पार्षद द्वारा मजार के आसपास टाइल्स लगवाने का काम कराया जा रहा था। इसी दौरान घर के सामने नापाई करने से मना करने को लेकर दोनों पक्षों में कहासुनी हो गई, जो बाद में मारपीट में बदल गई।

पुलिस ने इस मामले में आरोपी अनीश खान, समदानी खान, पप्पू गढ़ेवाल और साबिर खान के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (क्व्हस्) की धारा 333, 296(ए), 115(2), 351(2) और 3(5) के तहत केस दर्ज किया है।

इधर, घटना को लेकर क्षेत्र की महिलाओं ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर ज्ञापन सौंपा और आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## संदिग्ध अवस्था में युवक ने तोड़ा दम

**छिंदवाड़ा।** चौरई थाना क्षेत्र के भूला मोहगांव के रहने वाले युवक की बुधवार को इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है। जानकारी अनुसार पिंटु पिता रामपाल वर्मा उम्र 24 साल भूला मोहगांव का रहने वाला है। वह निजी अस्पताल में काम करता था। अचानक उसके सीने में जोर का दर्द उठा। उसकी हालत गंभीर हो गई। उसे इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। उसकी मौत पर संसय होने के कारण परिजनों ने मर्ग करवाया है। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# आबकारी विभाग ने दी दबिश अंग्रेजी और देशी शराब की जप्त



**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा,11 मार्च. कलेक्टर हरेंद्र नारायन के निर्देशानुसार सहायक आबकारी आयुक्त बी.आर.वैद्य के मार्गदर्शन में आबकारी विभाग की टीम ने आज बुधवार सुबह मोहखेड़ क्षेत्र के ग्राम पालाखेड़ में दबिश देकर अवैध शराब के विरुद्ध कार्यवाही की।**

आबकारी टीम द्वारा कैलाश घाघरे नामक व्यक्ति के ढाबे और रिहायशी मकान में तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान 7.56 बल्क लीटर विभिन्न ब्रांड की विदेशी मदिरा, 06 बल्क लीटर बीयर की कैन, 3.06 बल्क लीटर देशी मदिरा प्लेन तथा 13 लीटर कच्ची महुआ हाथ भट्टी मदिरा बरामद की गई। मौके पर उपस्थित मिले व्यक्ति शुभम घाघरे के विरुद्ध मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 34 और 36 के तहत प्रकरण दर्ज किया गया। इस कार्यवाही में सहायक जिला आबकारी अधिकारी जी.एल. मरावी, आबकारी उपनिरीक्षक आकाश मेश्राम सहित शहर का आबकारी अमला उपस्थित था।

# कांग्रेस आदिवासी प्रकोष्ठ की मासिक बैठक सम्पन्न

**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा,11 मार्च. कांग्रेस आदिवासी प्रकोष्ठ की मासिक बैठक स्थानीय राजीव भवन कांग्रेस कार्यालय में सम्पन्न हुई। आयोजित बैठक में आगामी दिवस के कार्यक्रमों पर चर्चा करने के साथ ही अन्य आयोजनों की रूपरेखा तैयार की गई।**

उपस्थित पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने तय किया कि आगामी दिनों में क्रमबद्ध तरीके से कमलनाथ जी एवं नकुलनाथ के विकास कार्यों को जनता तक पहुंचाया जाएगा। जिसके लिए कांग्रेस आदिवासी प्रकोष्ठ के पदाधिकारी व कार्यकर्तागण एकजुट होकर कार्य करेंगे। आयोजित बैठक में कांग्रेस आदिवासी प्रकोष्ठ के कार्यकारी अध्यक्ष स्नेह सरेयाम, संजय परतेती, संतोष भारती, संदीप तिवारी, रेणुका सरेयाम, पूनम उइके, उषा मेश्राम, नजमा मंसूरी, सविता धुर्वे, दुर्गा परतेती सहित अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

## एक दिवसीय क्षमतावर्धन प्रशिक्षण संपन्न

**छिंदवाड़ा,11 मार्च.**म.प्र. जन अभियान परिषद छिंदवाड़ा के जिला समन्वयक अखिलेश कुमार जैन के निर्देशानुसार एवं ब्लॉक समन्वयक संजय कुमार बामने की उपस्थिति में दृष्टि सामाजिक विकास एवं कल्याण संस्था कन्हान वनग्राम के नेतृत्व में गत दिवस ब्लॉक जुन्नारदेव के सेक्टर 01 खुमकाल के अंतर्गत ग्राम पंचायत भवन कार्यालय मड़काढ़ाना में ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों का एक दिवसीय क्षमतावर्धन प्रशिक्षण संपन्न हुआ।


**मानवता हॉस्पिटल** मल्टीस्पेशिलिटी
समर्पित सेवा भाव
**डॉ. बबीता ठाकुर**
एम.बी.बी.एस., एम.एस., प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ, स्त्री रोग से संबंधित सारी सुविधाएं, नॉर्मल एवं सिजेरियन डिलीवरी एवं बच्चेदानी का ऑपरेशन उचित दामों पर।
**डॉ. आशुतोष सिन्हा**
एमबीबीएस एफएमजी, एमडी फिजिशियन (कंसल्टेंट फिजिशियन)
उपलब्ध सुविधाएं :- आकस्मिक चिकित्सा, आई.सी.यू., क्रिटिकल केयर ऑपरेशन, लेप्रोस्कॉपी, एक्सरे, पैथोलॉजी लैब, ट्रामा और एक्सीडेंट केयर एवं अन्य सभी प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध।
24/7 EMERGENCY SERVICES
पता:-भुवनेश्वर टॉवर, परासिया नाका, छिंदवाड़ा (म.प्र)
संपर्क करें- 07162-359522, 7974426766



**आरोग्य मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल**
इमरजेंसी सेवा, कार्डियक सेंटर एवं एक्सीडेंटल केयर, लेप्रोस्कोपिक एवं नजरल सर्जरी
हमें आवश्यकता है....

| नर्सिंग स्टाफ - 10 | ड्यूटी डॉक्टर - 5 | रिसेप्शनिस्ट - 4 | टेली कॉलर - 2 | हाऊसकिपिंग स्टाफ - 4 | सुरक्षा गार्ड - पुरूष |
|---|---|---|---|---|---|
| -:योग्यता:- B.Sc/M.Sc Nursing/GNM) | -:योग्यता:- MBBS/BAMS/ BHMS | -:योग्यता:- Graduation+C omputer | -:योग्यता:- Graduation | (पुरुष (2) महिला (2) | -:योग्यता:- ऊंचाई-5*7, वजन-60+, 12वीं पास |

रिक्त पद:- प्राथमिकता एक्सपियरेंस कैंडिडेट्स को दी जाएगी (कम से कम 2 वर्ष)
संपर्क करें- 6262640426, 8770507313, 9425845455
पता- पूजा लॉज के आगे परासिया रोड, छिंदवाड़ा (म.प्र.)
इंटरव्यू-1-4 PM आपका सीवी एंड रिज्यूम इस नंबर पर भेंज- 6262640426, शॉर्टलिस्टेड कैंडिडेट्स को इंटरव्यू के लिए कॉल की जाएगी।



VIDYA BHUMI PUBLIC SCHOOL
विद्या ददाति विनयम् Estd.1999
Admission Open For Class Nursery To 12th
Subjects For Class XI
Group: Maths, Biology, Commerce, Arts
Optional Subjects: 1. Computer Science 2. Informatics Practices 3. Physical Education 4. Hindi Core 5. Commerce with Maths
IIT-JEE/NEET SCHOOL SYNC PROGRAMME For Class XI and XII along with CBSE Syllabus
Faculty from Hyderabad
Contact - Deen Dayal Puram, Chhindwara (M.P.)
(07162) 222311, 7828797711
Email : vidyabhumipublicschool@gmail.com
Wewbsite : vidyabhumi.edu.in


**दुर्घटना** | **वाहन की टक्कर से हुए घायल, जिला अस्पताल में चल रहा इलाज**

# सड़क हादसे में तीन युवक गंभीर घायल



**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा,11 मार्च. जिले भर में तेज गति का कहर रूकने का नाम नहीं ले रहा है। तेज गति के कारण सड़क हादसों का ग्राफ बढ़ते जा रहा है। इन हादसों में मौतों के साथ साथ घायल हो रहे है। इसी तरह के तीन मामले बुधवार को फिर देखने मिले।**

जहां तीन युवक सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गए। जिसमें एक दो युवकों के पैर फैक्चर हो गए है। वही एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया है। जानकारी अनुसार जितेंद्र पिता ओंकार यदुवंशी उम्र 18 साल कन्हरगांव के परसोली गांव का रहने वाला है। वह अपने साथी संतकुमार पिता केवल यदुवंशी के साथ काम से जा रहा था। इस दौरान मानकादेही खुर्द के साथ सामने से आ रहे वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद लोगों को जमावड़ा लग गया। सूचना पर पहुंची 108 से दोनों को जिला अस्पताल लाया गया। जहां दोनों का इलाज जारी है।

### बाइक अनियंत्रित होने से फिसली, दो युवक घायल

कन्हरगांव चौकी क्षेत्र के छोटी मानकादेही के समीप सड़क हादसे में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। वही दो युवक मामूली घायल हुए है। जानकारी अनुसार सुधीर उइके उम्र 17 साल अपने दो साथियों के साथ बाइक से जा रहा था। इस दौरान उसकी बाइक अनियंत्रित होकर फिसल गई। चालक सुधीर को गंभीर चोटें आने के कारण जिला अस्पताल लाया गया। जहां उसका इलाज जारी है।


स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिये मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा हितकारिणी, प्रिंटिंग प्रेस सिविक सेंटर जबलपुर से मुद्रित एवं गुजराती समाज भवन, नई आबादी छिंदवाड़ा से प्रकाशित। संपादक क्रांति चतुर्वेदी। * फोन- 235677,235988 E-mail-nbchh123@gmail.com *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार RNI Reg. No. MPHIN/2000/2589